मूल्य/धर्मार्थ : 1 पैसा
(केवल बहाईयों में वितरण हेतु)

बहाई समाचारपत्र

वर्ष : 52 अंक 12 प्रकाशन : प्रत्येक माह की 8 तारीख
दिसम्बर 2016 बहाई वर्ष : 173

विश्व न्याय मन्दिर

...अगली योजना के दौरान, स्थानीय से राष्ट्रीय तक सभी स्तरों पर बहाई प्रशासन के ठोस एवं सामंजस्यपूर्ण विकास को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों में आप मित्रों की सहायता करने के भरपूर प्रयास करेंगे ताकि वे अपने कार्यों को विकास की उस जैविक प्रक्रिया के संदर्भ में निष्पादित करें जो दुनिया भर में जोर पकड़ रही है।

–28 दिसम्बर, 2010

कोलकाता में क्षेत्रीय सांख्यिकी सम्मेलन का आयोजन

राज्य बहाई परिषद, पश्चिम बंगाल द्वारा 5 और 6 नवम्बर, 2016 को कोलकाता के बहाई भवन में सांख्यिकी पर एक परामर्श सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सांख्यिकी पदाधिकारी श्री टी. प्रभाकरण भी उपस्थित रहे। यह सम्मेलन राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा द्वारा निर्दिष्ट किया गया था, जिसमें बिहार, ओड़िशा और दार्जिलिंग के मित्रों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। इसके अलावा कुछ मित्र पश्चिम बंगाल के भी थे। कुल मिलाकर 21 मित्रों ने इसमें भाग लिया।

सबसे पहले राष्ट्रीय सांख्यिकी पदाधिकारी श्री टी. प्रभाकरण ने सम्मेलन के आयोजन के बारे में जानकारी दी। उसके उपरांत दूसरे मील के पत्थर के कुछ तत्वों पर चर्चा की गई। मित्रों ने बहाई विश्व केन्द्र के सांख्यिकी विभाग द्वारा तैयार प्रपत्र 'सांख्यिकी के संग्रह और उपयोग के लिए क्षमता का विकास' का भी अध्ययन किया। अध्ययन के उपरांत मित्रों ने मौजूदा प्रणाली में सांख्यिकी पर सूचना के प्रवाह पर अपने क्लस्टर और साथ ही राज्य स्तर पर अपने विचार आदान–प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने अपनी सीख और चुनौतियाँ भी साझा कीं। अगले दिन सितम्बर 2016 तक आंकड़ों के संकलन की प्राप्त उपलब्धियों पर चर्चा हुई और क्लस्टर स्तर पर शेष बचे आंकड़ों को पूरा करने के बारे में तुरंत उठाये गये कदमों पर भी चर्चा की गई।



कोलकाता में आयोजित क्षेत्रीय सांख्यिकी सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागी

इसके उपरान्त मित्रों ने दिसम्बर 2016 तक एसआरपी 3.0 में आंकड़ों को व्यवस्थित ढंग से रखने के विषय में योजना बनाई। एक प्रयोगात्मक सत्र के दौरान प्रतिभागियों को चार समूहों में विभाजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को एसआरपी 3.0 को समझने में बहुत सहायता प्राप्त हुई।

इस अंक में

देशभर में बाब और बहाउल्लाह के द्वि–शताब्दी जन्मोत्सव की धूम

विश्व न्याय मंदिर के 18 मई, 2016 के संदेश ने जिस उत्साह का संचार किया उसका सुफल 1 और 2 नवम्बर, 2016 को बाब और बहाउल्लाह के द्वि–शताब्दी जन्मोत्सव समारोहों में देखने को मिला। पूरे देश के बहाई समुदाय में रोमांचक उत्साह का माहौल बना रहा। संदेश प्राप्त होने के बाद ही तैयारियां शुरू हो गईं, परामर्श किये जाने लगे, योजनायें बनाई जाने लगीं और अपने–अपने तरीके से प्रत्येक बहाई समुदाय ने अधिक–से–अधिक लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित करने की योजना बनाई।



चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी

चंडीगढ़ : चंडीगढ़ के बहाई समुदाय ने दोनों दिन जन्मोत्सव के कार्यक्रम सुरूचिपूर्ण ढंग से आयोजित किये। पहले दिन के कार्यक्रम पड़ोसी क्षेत्र मोहाली में आयोजित किये गये और दूसरे दिन चंडीगढ़ के बाल भवन में। मोहाली में 50–60 की संख्या में लोग आये, लेकिन चंडीगढ़ में 500 से भी अधिक अतिथि आये। बड़ी संख्या में किशोर भी चंडीगढ़ के कार्यक्रम में शामिल हुये, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम से प्रभावित होकर किशोर दल के कार्यक्रम में शामिल होने के लिये अपना नामांकन कराया।

इस अवसर पर बोलते हुये डा. सुहैल मोहाजिर ने मूल–गतिविधियों के प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों के सहारे दुनिया बदलेगी, लोगों की सोच बदलेगी और एक नया समाज उभर कर सामने आयेगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित माता–पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को बहाई गतिविधियों में शामिल होने के लिये प्रोत्साहित करें, क्योंकि वे ही भविष्य के निर्माता हैं, उनकी शक्ति और सूझ–बूझ ही विश्व में परिवर्तन का कारण बनेगी।



इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले मित्रगण

अन्य वक्ताओं में इण्डियन एक्सप्रेस के पूर्व सम्पादक विपिन पब्बी और परिषद के सचिव प्रोफेसर अनिल सारवाल प्रमुख थे। श्री

शेष पृष्ठ 2 पर

ग्रैबियल विल्सन और श्रीमती गीता थापा ने मेजबानी की।

मध्यप्रदेश एव छत्तीसगढ़: युगलावतार महात्मा बाब और बहाउल्लाह के जन्मोत्सव को मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में इस वर्ष क्षेत्र के 13 समुदायसमूहों के 25 गावं व मौहल्ले के स्तर पर एक ऐतिहासिक उत्सवों व त्योहारों के रूप में मनाया गया, जिसमें 2267



भोपाल के पडरिया में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चे और किशोर

मित्रों ने भाग लिया। ऐसा क्षेत्र में पहली बार हुआ है कि हजारों की संख्या में मित्रों ने इन महान उत्सवों में भाग लेकर दो ईश्वरीय अवतार बाब एवं बहाउल्लाह के बारे में प्रत्यक्ष रूप से जाना। एक समुदाय में कार्यक्रम के दौरान मित्र, महात्मा बाब एवं बहाउल्लाह के जीवन एवं उनके द्वारा सहन की गयी यातनाओं के बारे में जान कर बहुत भावुक



रायपुर में आयोजित समारोह में भाग लेने वाले प्रतिभागीगण

हो उठे और उसी समय 13 मित्रों ने प्रभुधर्म में अपनी आस्था व्यक्त कर बहाउल्लाह को इस युग के ईश्वरीय अवतार के रूप में अपनी स्वेच्छा से स्वीकार किया।

मित्रों ने अपनी योजना के अनुसार समुदाय स्तर से लेकर सघनगतिविधि के केंद्रों व मौहल्लों पर पूरी तरह अपना ध्यान केन्द्रित करते हुये बच्चों, किशोरों, युवाओं एवं अन्य जिज्ञासुओं मित्रों के घरों में नियमित रूप से बहाउल्लाह का जीवन, संविदा एवं एकता के विषय में गृहभ्रमण कर ज्यादा से ज्यादा स्थानीय मित्रों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने के कुछ महीने पहले से ही आमंत्रण देना शुरू कर दिया, और कुछ जगहों पर मित्रों ने कार्यक्रम के कुछ दिनों पहले से सुन्दर आमंत्रण कार्ड को डिजाईन कर अधिक से अधिक मित्रों को बांटा। जिन परिवारों में नियमित गृहभ्रमण हुआ उन परिवारों से 43 मित्रों ने प्रभुधर्म को अपनी स्वेच्छा से स्वीकार्य किया।

क्षेत्र के कई समुदायों ने यह भी योजना बनाई कि वह अपने समुदाय व मौहल्ले के सभी वर्ग के जन समुदाय को इस कार्यक्रम में शामिल करने के लिये आमंत्रित करेंगे, इसलिये मित्रों ने ऐसे हर एक व्यक्तियों को इन पवित्र दिवसों पर आमंत्रित किया, जिनसे उनकी कभी न कभी किसी न किसी रूप से मुलाकात हुयी थी। इस प्रकार पूरे क्षेत्र में जिन परिवारों में मित्रों ने गृहभ्रमण किया उन परिवारों के अन्दर महात्मा बाब एवं ईश्वरीय अवतार बहाउल्लाह के विषय में जानकर एक नई चेतना का संचार हुआ है और मित्रों को यह समझने में सुविधा हुई है कि जिस आगमन



सुसेरा में आयोजित उत्सव में भाग लेने वाले मित्रगण

का पूरी मानवजाति कई वर्षों से प्रतीक्षा कर रही है वह ठीक दो सौ साल पहले ही पूरी मानवजाति के कल्याण के लिये इस दुनिया में आ चुके हैं।

इससे प्रेरणा प्राप्त कर मित्रों



भोपाल के अवधपुरी में आभा पब्लिक स्कूल में समारोह मनाते हुए

ने अपने समुदाय व स्थानीय स्तर पर इन दो ऐतिहासिक उत्सवों को स्थानीय संस्कृति के अनुसार मनाया।

इन कार्यक्रमों में बहाई मित्रों के अतिरिक्त स्थानीय मित्रों एवं अन्य कई जिज्ञासुओं ने इन दिवसों



कोलकाता में बनाये गये समारोह में भाग लेने वाले प्रतिभागी

को सफल बनाने के लिये कई रचनात्मक तरीको का इस्तेमाल किया। समुदाय के सभी आयुवर्ग के मित्रों ने कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया, सहयोग प्रदान किया एवं कई समुदायों व मौहल्लों में इसे आत्मनिर्भर भी बनाया। इस उत्सव को क्षेत्र के समुदायों में मित्रों ने यह ध्यान में रखकर मनाया कि अगले वर्ष आने वाले द्वि–शताब्दी समारोहों की तैयारी अभी से शुरू की जाये ताकि ईश्वरीय अवतार बहाउल्लाह के 200वें जन्मदिवस पर उनको भेंट स्वरुप अधिक से अधिक परिवारों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाये और अधिक से अधिक गतिविधियों में वृहद समुदाय को जोड़कर शामिल किया जाये। कार्यक्रम के दौरान कई जगहों पर मित्रों ने जब महात्मा बाब और बहाउल्लाह के जीवन एवं उनकी यातनाओं के बारे में

शेष पृष्ठ 4 पर

वर्ष 2016–17 के लिए राज्य बहाई परिषद/क्षेत्रीय बहाई परिषद के सदस्यगण

क्षेत्रीय बहाई परिषद आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना

1. श्री ई. वैंकट रंगईया
2. श्रीमती कला बास्करन
3. श्री देवी कुमार
4. सुश्री सफा फनियान
5. श्री अजय नायडू
6. श्रीमती साविर्थी रेड्डी
7. सुश्री के. सौम्या प्रभु
8. श्री बालसिंह
9. सुश्री वासंथी गोपीनाथ

क्षेत्रीय बहाई परिषद असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नगालैंड

1. श्रीमती शारदा नायक
2. श्री श्याबा नगंगोन
3. श्री दिलीप दास
4. श्री मुकेश दीवान
5. श्री विक्की घोष
6. श्री अनंदा ब्रह्मा
7. श्रीमती सेबिका गोगोई
8. श्री गौतम नजारिया
9. श्री सामू केरकेता

राज्य बहाई परिषद बिहार

1. श्री ओम नमः शिवाय
2. श्री रंजन कुमार
3. श्री ओम प्रकाश चौधरी
4. श्री दीपेन्द्र चन्दन
5. श्री नन्दकिशोर प्रसाद
6. श्रीमती रीना दानेश
7. श्री राकेश कुमार
8. श्री सोनू कुमार
9. सुश्री उषा कुमारी

राज्य बहाई परिषद झारखण्ड

1. श्री रतन महातो
2. सुश्री श्वेता फ्रांसिस
3. श्री संदीप शर्मा
4. सुश्री ममता कुमारी सिन्हा
5. श्री भीम महातो

राज्य बहाई परिषद गुजरात

1. श्री राजेश अहीरे
2. श्री वसंत बागुल
3. श्री प्रशांत चिनूभाई
4. श्री अनीस सैफुद्दीन
5. श्री महेश लखवानी
6. श्री जयेश भोये
7. सुश्री ज्योति अहीरे
8. सुश्री निशा पुनावाला
9. श्री धर्मेश भीमसेन

राज्य बहाई परिषद् कर्नाटक

1. श्री गणेश शिनॉय
2. श्री सतीश कुमार
3. श्री रवि किरण
4. कैप्टन मल्लिकार्जुन
5. श्री चन्द्रशेखर
6. श्री दिनेश राव
7. श्री योगेश लोंघे
8. सुश्री पार्वथी
9. श्री मांचे गौड़ा

राज्य बहाई परिषद् केरल

1. श्री एम. पी. अयप्पनकुट्टी
2. एडवोकेट बिजू वी. जी.
3. सुश्री ज्योथी प्रभाकरण
4. श्री सी0 टी0 टोमी
5. श्री सी. उनीज़
6. श्री वी. रामाकृष्णन
7. श्रीमती बिनारा घनबरी
8. श्री सी. पी. बालाकृष्णन
9. सुश्री के. शर्मिला

राज्य बहाई परिषद मध्यप्रदेश

1. श्री धर्मवीर नरवरिया
2. सुश्री के. जी. ओमना
3. श्रीमती वर्षा तलवार
4. श्रीमती अलका कुमार
5. डॉ. अराश वफा फज़ली
6. श्री समीर ओल्याई
7. श्री सुनिर्मल महातो
8. सुश्री महक मित्रा
9. श्री प्रकाश कौशल

राज्य बहाई परिषद छत्तीसगढ़

1. सुश्री पूजा साहू
2. डॉ. प्रीति कौशल
3. श्री कमल रावल
4. श्री संतोष शर्मा
5. श्री राकेश सूरी

क्षेत्रीय बहाई परिषद् महाराष्ट्र एवं गोवा

1. श्री संदीप गौरे
2. श्रीमती मार्ज़िया दलाल
3. श्री सुमित सिंह
4. संजीव वत्स
5. श्री सिना मोतल्लबी
6. श्री योगेश शिटोले
7. श्री नंदू दावरे
8. श्री मनोज पथारे
9. सुश्री कार्मल वाई. आलम

क्षेत्रीय बहाई परिषद् मणिपुर एवं मिजोरम

1. श्री के. सनाटुम्बी
2. श्री एस. इबोम्चा
3. सुश्री हरिबती देवी
4. सुश्री एम. ईचान देवी
5. सुश्री कीर्तिबस लाइशराम
6. श्री अरुण सिंह
7. सुश्री एल. बिलाशिनी
8. सुश्री गलदिश पर्पा
9. सुश्री मचासना कोइजम

राज्य बहाई परिषद् उड़ीसा

1. श्री तरंग दास
2. श्री रियाज़ मोतल्लबी
3. श्रीमती नादिया मोग्बेलपुर
4. श्री बबलू मिश्रा
5. श्री सुशांत नायक
6. श्री गनबिहारी धनसेना
7. श्री सुकांत राउत
8. सुश्री गोमती दिल्ला
9. श्री गदाधर मोहंती

क्षेत्रीय बहाई परिषद् पंजाब, हरियाणा हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू कश्मीर

1. प्रोफेसर अनिल सारवाल
2. श्री विकास छेत्री
3. श्रीमती होमा ज़मानी
4. श्री अमित चंदन
5. श्रीमती पुतुल अध्या
6. श्री जोधाराम रेक्ता
7. सुश्री बबीता नन्दकिशोर

राज्य बहाई परिषद राजस्थान

1. श्री संजय शर्मा
2. श्री मुकेश आनन्द
3. श्री हरमीत सिंह कोहली
4. श्रीमती जैनाब अनंत
5. श्रीमती सहार अनवरी
6. श्री अमर बेगद
7. श्री अरशद हुसैन

क्षेत्रीय बहाई परिषद् सिक्किम एवं दार्जिलिंग

1. श्री टीका अधिकारी
2. श्रीमती यंकी प्रधान
3. श्री विनोद पोखरेल
4. श्री एच. एम. ईसा
5. श्रीमती रूपा शर्मा
6. श्री सरोज लामा
7. श्री कैलाश शर्मा
8. श्री अनोद जोशी
9. श्री ललित थापा

क्षेत्रीय बहाई परिषद् तमिलनाडु एवं पुडुचेरी

1. श्री भरथ अरुमुगम
2. श्री टी. सुब्रामनी
3. श्री युवराज
4. श्री महेन्द्रन
5. सुश्री वी. एस. सुबद्रा
6. श्री रमेश कंनन
7. श्री कमल सेगरापांडयन
8. सुश्री मल्लिगा सुन्दर
9. श्री कवि पांडयन

राज्य बहाई परिषद् त्रिपुरा

1. श्री उत्तम मित्रा
2. श्री प्रबीर देबनाथ
3. श्री बिकास धर
4. श्री बिभूति रंजन करमाकर
5. श्री मनीष देब
6. श्री केशव रॉय
7. श्री बिश्वजीत सिन्हा
8. सुश्री रतना सुर
9. सुश्री सोमा चंदन

क्षेत्रीय बहाई परिषद् उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखण्ड

1. श्री प्रेम सिंह
2. डॉ. एहलाम मोहाजर
3. श्री छेदालाल
4. श्री नदीम अमीर
5. श्री प्रमोद मोर्या
6. श्री राजीव कुमार
7. डॉ. आर. पी. सिंह
8. श्री गोविन्द (सहार)
9. सुश्री कार्मल त्रिपाठी

राज्य बहाई परिषद् पश्चिम बंगाल

1. श्री बादल माहतो
2. श्री सैयद अली
3. श्री प्रदीप भट्टाचार्य
4. श्री मोनीशंकर मेती
5. सुश्री बेला माहतो
6. सुश्री ज़ेबा यादव
7. श्री आसिफ अहमद खान
8. श्री बिद्युत कुम्बाकर
9. श्री सुनील ओराओन

• • • • • • • • •

Regd. No. DELHIN / 1966 / 04204 — Delhi Postal Regd No. DL (ND) 11/6036/2015-16-17
New Delhi P.S.O. — Licensed to post without pre-payment No. U (C)-52/2015-16-17

जाना तो वह इतने भावुक हो गये कि वह अपनी आंखों से बहते आंसुओं को रोक नहीं पाये।

पश्चिम बंगाल : कोलकाता के बहाई समुदाय ने बहाई भवन में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। जन्मोत्सव के इस अवसर के लिये प्रकटित बहाउल्लाह की उत्साह देखने को मिला।

हुरा समुदायसमूह के पाचुडिह समुदाय ने भी बाल मेला का आयोजन किया जिसमें 100 से भी अधिक बच्चे और युवा उपस्थित हुये। प्रसन्नता की बात यह है कि पहले से ही मित्रों ने तैयारियाँ शुरू कर दी थीं जो 2 नवम्बर की व्यवस्था



केशियारी समुदायसमूह के प्रतिभागीगण

विशेष पाती के पाठ के साथ पहली नवम्बर के प्रातःकालीन सत्र की शुरूआत हुई, वार्तायें प्रस्तुत की गईं और शाम के समय किशोरों और बच्चों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्थानीय आध्यात्मिक सभा ने सभी किशोर प्रतिभागियों को अपने प्रेम का उपहार दिया।

जॉयपुर समुदायसमूह के अन्तर्गत अडरडिह हीरापुर के बहाई समुदाय ने किशोर मेले का आयोजन किया, जिसमें 350 से भी अधिक किशोर और युवा उपस्थित थे। पूरे क्षेत्र के लोगों में, ख़ासकर युवाओं और किशोरों के बीच एक अपूर्व में स्पष्ट झलक रही थी।

केशियारी समुदायसमूह के संन्नापुर समुदाय ने जहाँ बाब और बहाउल्लाह की जीवन–गाथा सुरूचिपूर्ण ढंग से प्रस्तुत की वहीं जनबेलदा समुदाय में नये अनुयायियों ने बाब और बहाउल्लाह के जीवन और त्याग के बारे में पहली बार विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

नगालैंड : लाहौरीजन में दोनों दिन जन्मोत्सव मनाये गये। तड़के सुबह यहाँ के बहाईयों ने अपने–अपने घरों में प्रार्थनायें की जो क्रमबद्ध आयोजित की गईं थी। पहले दिन दीपावली के कारण



लाहौरीजन में जन्मोत्सव मनाते हुए प्रतिभागीगण

कार्यक्रम में आमंत्रित लोगों की संख्या कम रही, लेकिन दूसरे दिन अच्छी संख्या में लोग आये और बहाउल्लाह के जीवन के बारे में विस्तार से जान पाये। आयोजन के पहले क्षेत्र के युवा बहाई कोई 150 घरों में निमंत्रण–पत्र के साथ गये और जन्मोत्सव में आमंत्रित किया।

क्रमशः अगले अंक में.........

बहाई विवाह



पश्चिम बंगाल के श्री नूर खान और श्रीमती शबनम प्रवीन के सुपुत्र श्री आसिफ अहमद और गुजरात के श्री धरमूभाई अहीर और श्रीमती रामिलाबेन अहीर की सुपुत्री डॉ. जागृति अहीर का विवाह 6 नवम्बर, 2016 को बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।



चंडीगढ़ में बच्चों की बहाई कक्षा की शिक्षिका सुश्री उमा का विवाह बहाई विधिविधान के अनुसार 20 नवम्बर, 2016 को कैथल, हरियाणा में सम्पन्न हुआ। इस सुअवसर पर चंडीगढ़ के तीन सहायक मण्डल सदस्य और कई बहाई युवा भी शामिल हुए।

निवेदन

मित्रों, अपने समुदायसमूह में होने वाली मूल गतिविधियों की रिपोर्ट तथा प्रेरणादायक घटनायें फोटोग्राफ के साथ हमें समय–समय पर भेजते रहें, जिससे की हम उन्हें अपने बहाई समाचारपत्र / बहाई न्यूज में प्रकाशित कर सकें। *धन्यवाद !*

कुल पृष्ठ संख्या–4

बहाई समाचारपत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित फार्म – 4, नियम 8

समाचार का नाम : बहाई समाचारपत्र
रजि नं. : DELHIN / 1966 / 4204 यू नं. (C)-52/2015-16-17
डी.एल. DL (ND) 11/6036/2015-16-17
प्रकाशक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
(बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1)
प्रकाशन स्थान : बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1

मुद्रक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1
मुद्रण स्थान : डोरा ऑफसेट, सी–54, ओखला इंडस्ट्रीयल इस्टेट, फेज़–1, नई दिल्ली–20
उन व्यक्तियों के नाम जो समाचारपत्र स्वामी हों : राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को इसका स्वामित्व प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।

Licenced to post without Pre-Payment Posted at CPSO New Delhi on 10/11.12. 2016
Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg.
New Delhi - 110 001 - INDIA

स्वामी, भारत के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा, जो सोसायटीज एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है, के लिए प्रकाशक, मुद्रक : सुशील कुमार के द्वारा डोरा ऑफसेट, सी–54, ओखला इंडस्ट्रीयल इस्टेट, फेज़–1, नई दिल्ली–110 020 से मुद्रित एवं बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–110 001 से प्रकाशित (सम्पादक : सुशील कमार)